# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक – 01.01.2026 (सुबह – 0830 बजे)

### मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में 50वीं प्रगति बैठक की अध्यक्षता की, सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन के मंत्र पर दिया जोर।
- रांची में बिरसा मुंडा एयरपोर्ट सलाहकार समिति की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अयोध्या और पूर्वोत्तर के लिए उड़ान शुरु करने पर दिया बल।
- खरसावां गोलीकांड की बरसी आज, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा और आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो समेत कई नेता शहीदों को देंगे श्रद्धांजलि।
- राजधानी रांची समेत पूरा राज्य नववर्ष के जश्न में डूबा, मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतार, पर्यटन स्थलों पर सैलानियों की उमड़ी भीड़।
- रांची में खेली जा रही महिला हॉकी इंडिया लीग में एसजी पाइपर्स ने रोमांचक मुकाबले में सूरमा हॉकी क्लब को हराया, अंक तालिका में शीर्ष पर।

************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल नई दिल्ली में प्रगति की 50वीं बैठक की अध्यक्षता की। यह बैठक प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सहकारी, परिणाम केन्द्रित शासन की एक दशक लंबी यात्रा में महत्वपूर्ण अवसर है। श्री मोदी ने सड़क, रेलवे, बिजली, जल संसाधन और कोयला सहित विभिन्न क्षेत्रों में पांच महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की समीक्षा की।

************************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की अध्यक्षता में रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे की सलाहकार समिति की बैठक हुई, जिसमें परिचालन में सुधार और नई हवाई संपर्क स्थापित करने पर चर्चा हुई। मंत्री ने रांची से अयोध्या और पूर्वोत्तर राज्यों के लिए सीधी उड़ानें शुरू करने पर जोर दिया। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री सेठ ने कहा कि कोहरे और कम दृश्यता की स्थिति में विमानों की सुरक्षित लैंडिंग सुनिश्चित करने के लिए कैट–टू सुविधा स्थापित करने की जरुरत है।

************************

आज खरसावां गोलीकांड की 78वीं बरसी मनाई जा रही है। इस अवसर पर खरसावां के शहीद स्थल पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ विधायक कल्पना सोरेन, मंत्री दीपक बिरुवा और कई अन्य नेताओं का आगमन प्रस्तावित है। पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा शहीदों के सम्मान में खेलारीसाई से शहीद स्थल तक एक पदयात्रा निकाली जा रही है। आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो समेत झामुमो, भाजपा और कांग्रेस के प्रमुख नेता भी शहीदों को नमन करने पहुंच रहे हैं।

************************

नए साल 2026 के आगमन पर रांची सहित पूरे राज्य में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। साल के पहले दिन सुबह से ही लोग आस्था और मनोरंजन के केंद्रों पर उमड़ रहे हैं। रांची के पहाड़ी मंदिर, जगन्नाथ मंदिर और धुर्वा स्थित तिरुपति बालाजी मंदिर में सुबह 4 बजे से ही भक्तों की लंबी कतारें लगी हैं। राजधानी के प्रमुख पिकनिक स्पॉट्स जैसे दशम फॉल, हुंडरू फॉल, जोन्हा फॉल और पतरातू में सैलानियों का तांता लगा हुआ है। शहर के अंदर बिरसा मुंडा जूलॉजिकल पार्क और रॉक गार्डन में भी भारी भीड़ देखी जा रही है।

रांची के प्रमुख होटलों और क्लबों में बीती रात न्यू ईयर ईव पर विशेष संगीत और डांस कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जो आज भी जारी है।

************************

राज्य के अन्य जिलों जैसे देवघर के बाबा बैद्यनाथ धाम और रजरप्पा के छिन्नमस्तिका मंदिर में भी लाखों की संख्या में श्रद्धालु उमड़े हैं। उपराजधानी दुमका में नववर्ष 2026 का भव्य स्वागत किया जा रहा है। जिले के तमाम पर्यटन स्थल सैलानियों से गुलजार हैं और जश्न का माहौल बना हुआ है। भारी भीड़ के मद्देनजर जिला प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। पिकनिक स्पॉट और नदियों के किनारे पुलिस बल तैनात किया गया है।

************************

खूंटी जिले के रानी फॉल में नववर्ष के अवसर पर सैलानियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए सायको थाना पुलिस ने व्यापक प्रबंध किए हैं। सायको थाना पुलिस के साथ–साथ ग्राम सुरक्षा समिति और पंचायत प्रतिनिधियों की टीमें सक्रिय हैं। पर्यटन स्थल की निगरानी के लिए ड्रोन कैमरों का उपयोग किया जा रहा है। पुलिस ड्रंक एंड ड्राइव के खिलाफ सख्त अभियान चला रही है।

************************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

************************

नव वर्ष की पूर्व संध्या पर धनबाद में बृहद झारखंड कला संस्कृति मंच द्वारा डहरे टुसु शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान छोटा नागपुर प्रमंडल के विभिन्न गांवों से आए हजारों लोगों ने पारंपरिक वाद्य यंत्रों और लोकगीतों के साथ झारखंडी संस्कृति का प्रदर्शन किया। इस मौके पर कलाकारों ने कहा कि यह आयोजन केवल एक पर्व नहीं बल्कि झारखंड की सांस्कृतिक अस्मिता और सामूहिक एकता का प्रतीक बनकर उभरा है।

************************

दुमका के शिकारीपाड़ा में कर्तव्य के दौरान सब–इंस्पेक्टर हेमंत भगत की सड़क हादसे में मौत हो गई। सड़क जाम हटवाने के दौरान एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने उन्हें और कांस्टेबल देवकी प्रजापति को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में कांस्टेबल गंभीर रूप से घायल हैं।

************************

विकसित भारत जी राम जी अधिनियम को झारखंड में व्यापक समर्थन मिल रहा है। सिमडेगा के ग्रामीण श्रमिकों ने इस अधिनियम का स्वागत किया है। उनका मानना है कि यह गांवों में 125 दिनों के रोजगार की गारंटी देकर पलायन रोकने में सहायक होगा।

************************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में ठंड का प्रकोप जारी है। इसी के साथ गरीबों और जरुरतमंदों की मदद के लिए प्रशासन के साथ–साथ गैर सरकारी संगठनों ने भी पहल की है। हजारीबाग जिला प्रशासन द्वारा कड़ाके की ठंड को देखते हुए विशेष राहत अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान सदर एसडीओ बैजनाथ कामती और नगर निगम की टीम ने पुराने समाहरणालय परिसर में रात गुजारने वाले जरूरतमंदों के बीच कंबलों का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने खुले में सो रहे लोगों से अपील की है कि वे बस स्टैंड के निकट स्थित निशुल्क रैन बसेरा का उपयोग करें।

************************

उधर, खूंटी जिले में भी सामुदायिक पुलिसिंग के तहत मारंगहादा पुलिस ने ग्रामीणों के बीच कंबल वितरण किया। साथ ही, अफीम की खेती के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाकर इसके कानूनी व स्वास्थ्य नुकसान बताए। पुलिस ने ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा, डायल 112, साइबर अपराध (1930) और मानव तस्करी जैसे महत्वपूर्ण विषयों के प्रति भी जागरूक किया।

************************

रांची में खेले जा रही महिला हॉकी इंडिया लीग के एक कड़े मुकाबले में एसजी पाइपर्स ने संयमित और अनुशासित प्रदर्शन करते हुए जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब को 1–0 से हरा दिया। बुधवार को यहां खेले गए इस रोमांचक मुकाबले में पाइपर्स की कप्तान नवनीत कौर के शुरुआती गोल ने निर्णायक भूमिका निभाई और तालिका में शीर्ष पर चल रही टीम ने लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

************************

<u>अखबारों की सुर्खियां</u>

- रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने नववर्ष के स्वागत की खबर को प्रमुखता दी है।
- हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हवाले से लिखा है नववर्ष में 50 हजार नौकरी देगी सरकार।
- दैनिक जागरण लिखता है– अच्छी खबरें लेकर आया नए साल का पहला दिन।
- दैनिक भास्कर की सुर्खी है– दो साल के बेटे की हत्या कर पति–पत्नी ने फांसी लगाकर दे दी जान।
- प्रभात खबर के शब्द हैं– संबलपुर आयुक्त की रिपोर्ट में छिपा हुआ है खरसांवा गोलीकांड का सच।

************************